This question paper contains 3 printed pages.

000655

B.A. (Sem. - II)

Roll No. 6277688

# UG-9101

# HIN-52T-102

**B.A. Three/Four Year (Semester - II)**

**EXAMINATION - May, 2026 (Held in Jun. 2026)**

**(Faculty of Art)**

**हिन्दी साहित्य**

**कहानी एवं उपन्यास**

**Time Allowed: Three Hours**

**Maximum Marks: 100**

No supplementary answer book will be given to any candidate. The candidates should write the answers precisely in the main answer book only.

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर–पुस्तिका नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को समस्त प्रश्नों के उत्तर मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही लिखने चाहिए।

Answers to short answer-type questions must be given in sequential order. Similarly, all the parts of one question of descriptive part should be answered in one place in the answer-book.

लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर प्रश्नों के क्रमानुसार ही देवें इसी प्रकार किसी भी एक वर्णनात्मक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, उत्तर–पुस्तिका में एक ही स्थान पर क्रमानुसार हल करने चाहिए।

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न–पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखिए।

भाग – अ में दो अंक के 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न (20 शब्दों की सीमा के साथ) अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 1 पाठ्यक्रम में शामिल विषयों / पाठ के ज्ञान, समझ और अनुप्रयोगों पर आधारित है।

भाग – ब में प्रश्न संख्या 2 व 3 सप्रसंग व्याख्या आंतरिक विकल्प सहित (प्रत्येक 10 अंक) तथा प्रश्न संख्या 4, 5 व 6 वर्णनात्मक प्रश्न (प्रत्येक 20 अंक) प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प सहित पूछे जाएंगे।

## भाग – अ

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

Ruoldpapers.com

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10×2 = 20

(क) कहानी के कितने तत्व माने गये हैं? नाम लिखिए।

(ख) हिन्दी के प्रथम उपन्यास का नाम लिखिए।

(ग) 'आकाशदीप' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(घ) 'कफन' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ङ) 'तिरिछ' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(च) 'सिक्का बदल गया' कहानी का संदेश क्या है?

Ruoldpapers.com

(छ) 'उपन्यास सम्राट' किस लेखक को कहा जाता है?

(ज) 'ग्लोबल गाँव के देवता' किसकी रचना है?

(झ) 'ग्लोबल गाँव के देवता' उपन्यास किनके जीवन पर आधारित है?

(ञ) 'परदा' कहानी के रचयिता का नाम लिखिए।

**भाग – ब**

2. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

(क) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक – एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं। समय की धुन्ध बिल्कुल उन पर से हट जाती है। 10

**अथवा**

मुहल्ले में चौधरी पीर बक्श की इज्जत थी। उस इज्जत का आधार था, घर के दरवाजे पर लटका परदा। भीतर जो हो, परदा सलामत रहता था। कभी बच्चों की खींच–खांच या बेदरद हवा के झोंकों से उसमें छेद हो जाते तो परदे की आड़ में जनाने हाथ सुई–धागा लेकर उसकी मरम्मत कर देते थे। 10

3. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

(क) स्त्री उठी। वह लगभग 45 वर्षीया थी, उसका रंग गोरा होने पर भी आयु के धुंधलके में अब मैला–सा दीखने लगा था। उसको देखकर लगता था कि वह फुर्तीली थी। जीवन भर कठोर मेहनत करने से, उसकी गठन के ढीले पड़ने पर भी, उसकी फुर्ती अभी तक मौजूद थी। 10

**अथवा**

हालांकि इस इलाके के लगभग सभी गाँवों में ऐसे सालभर अनाज उगा पाने वाले दो–चार परिवार होते। अधिकांश परिवारों के पास इतनी जमीन होती ही नहीं कि साल भर खाने के लिए मक्का भी मिल सके। जिस घर में मंजूरी खटने वाले हाथ रहते, वे तो खान–खदान में खटकर पेट पाल लेते, किन्तु जिन घरों में खटने लायक सामान नहीं होता उस घर का पेट तो जंगल ही पालता। महुआ, कटहल, कई तरह के कन्द और साग, सब पेट भरने के काम आते। 10

4. हिन्दी कहानी के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

उपन्यास की परिभाषा देते हुए, उसके तत्वों का उल्लेख कीजिए। 20

5. 'उसने कहा था' कहानी के प्रमुख पात्र लहना सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए। 20

**अथवा**

'राजा निरबंसिया' कहानी के वर्ण्य–विषय (कथावस्तु) पर प्रकाश डालिए। 20

6. रणेन्द्र कृत 'ग्लोबल गाँव के देवता' उपन्यास की उपन्यास के तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए। 20

**अथवा**

'ग्लोबल गाँव के देवता' उपन्यास में गाँवों की किन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है? समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 20

Ruoldpapers.com